



# अब बाल विहार को बर्बाद करने की तैयारी

**खास बातें**

- नपा की पुरानी बिल्डिंग न टूटी और न बन सकी पार्किंग
- शराब ठेके के पास खाली पड़ी जगह की अनदेखी
- कई सालों से शहर से जूझ रहा है पार्किंग के लिये
- 2 जून से शहर में तीन नई पार्किंग का होगा शुभारंभ
- ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और बाजार शिफ्टिंग को लेकर नगर पालिका में हुई अहम बैठक



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 22 मई, शहर में वाहन पार्किंग न होने की समस्या कई साल पुरानी है. इस समस्या का समाधान आज तक कोई नहीं कर पाया है. कई विधायक बदले, कई नपाध्यक्ष यहां तक कि कई कलेक्टर और सीएमओ तक लेकिन समस्या आज भी वही की वही है. अब शहर के बीचों बीच स्थित खूबसूरत पार्क बाल विहार को बर्बाद करने की तैयारियां शुरू हो चली हैं. इस पार्क में अब वाहनों की पार्किंग की तैयारी की जा रही है. जबकि दूसरी तरफ शहर के बीचों बीच स्थित पुरानी नगर पालिका भवन और उसके खाली पड़े स्पेस का कोई इस्तमाल नहीं हो पा रहा है. कई बार बैठकों में इस बात दिलाशा दिया गया कि नपा की पुरानी बिल्डिंग और जिस इमारत में बैंक संचालित हो रही थी उसको जमीदोज कर यहां पर शॉपिंग मॉल और वाहन पार्किंग बनाया जायेगा. यह दावे कागजों में दब कर रह गये.अब अगले महिने से सावरकर बाल विहार में वाहन पार्किंग की तैयारी कर ली है और अधिकांश लोगों ने अपनी सहमति भी दे दी है.**

सीएमओ कक्ष में नगर पालिका सीएमओ, यातायात टीआई एवं विदिशा व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग, सुलभ शौचालय एवं बाजार व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. बैठक में शहर में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान के लिए कई अहम निर्णय लिए गए. व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन ने सावरकर बाल विहार, पुरानी नगर पालिका के पीछे एवं पेढ़ी ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगहों पर पार्किंग विकसित करने का प्रस्ताव रखा. जिस पर नगर पालिका सीएमओ और यातायात टीआई ने सहमति जताते हुए 2 जून से तीनों पार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया.नगर पालिका सीएमओ एवं व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने नागरिकों से अपील की कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें.

### सब्जी और मीट बाजार शिफ्ट करने पर भी चर्चा

बैठक में महासंघ के उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी ने माधवगंज क्षेत्र में लग रहे सब्जी बाजार को बाल विहार के पीछे स्थित सब्जी मंडी में शिफ्ट करने की मांग रखी. साथ ही बाहरी सब्जी विक्रेताओं पर सख्ती से कार्रवाई की बात कही गई.वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जीतू ने बड़े बाजार में लग रहे फल एवं सब्जी बाजार को खाई क्षेत्र में स्थानांतरित करने और साप्ताहिक बाजार बंद करने का सुझाव दिया. वहीं संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा ने खाई क्षेत्र में लग रहे मीट बाजार को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा कि इससे आसपास के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है.

### मूत्रालय और सुलभ कॉम्प्लेक्स की सफाई के निर्देश

कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने पीतल मिल से बड़े बाजार तक बने मूत्रालयों एवं सुलभ कॉम्प्लेक्स की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता अनुसार नए मूत्रालय निर्माण की मांग रखी. इस पर नगर पालिका सीएमओ ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए.वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वाधवानी ने कहा कि बाजार क्षेत्र में व्यापार महासंघ के साथ समन्वय बनाकर पहले पार्किंग और ट्रैफिक लाइन तय की जाए, उसके बाद ही व्यापारियों या ठेला संचालकों पर कार्रवाई की जाए.यातायात टीआई ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही महासंघ पदाधिकारियों के साथ मिलकर बाजार क्षेत्र में लाइन मार्किंग की जाएगी. इसके बाद ही चालानी कार्रवाई शुरू होगी. उन्होंने बताया कि व्यापार महासंघ के सहयोग से जल्द ही वाहन टोचन गाड़ी उपलब्ध होने वाली है, जिससे गलत तरीके से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी.बैठक में नगर पालिका सीएमओ, यातायात टीआई, व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वाधवानी, उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जीतू, संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.



# यूट्यूबर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाये गंभीर आरोप

- ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली और मारपीट की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ता
- पहले भी हो चुकीं हैं शिकायतें, कई मामले हैं दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 22 मई, शहर में एक यूट्यूबर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाने के साथ कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है. शुक्रवार को भाजपा के कई कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे जहां पर रूद्र राजपूत के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की. शिकायत में ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली, जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए हैं.**

शिकायतकर्ताओं में संतोष अहिरवार, कमलेश सूर्यवंशी, रामप्रसाद पासी, गजराज अहिरवार, राहुल रत्नाकर, मनोज चौधरी और लालसिंह अहिरवार शामिल हैं. उनका आरोप है कि आरोपी लंबे समय से यूट्यूब पर न्यूज चलाने के नाम पर पैसों की मांग करता था.उन्होंने शिकायत में कहा कि जब भी उसकी मांग पूरी नहीं की जाती थी, तब वह झूठी और भ्रामक खबरें चलाकर राजनीतिक और सामाजिक छवि खराब करने की धमकी देता था.

### कोतवाली थाने के बाहर विवाद और मारपीट का आरोप

ज्ञापन में बताया गया है कि शुक्रवार को सभी शिकायतकर्ता आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे थे. इसी दौरान आरोपी वहां पहुंच गया और कथित तौर पर उनका रास्ता रोक लिया.शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां दीं और धमकी दी कि हर महीने पैसे देने पड़ेंगे, अन्यथा राजनीतिक करियर बर्बाद कर दिया जाएगा. विरोध करने पर आरोपी द्वारा लात-घूंसों से मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है, जिसमें दो लोगों को चोट आने की बात कही गई है.पीड़ितों का दावा है कि घटना के दौरान वहां कई लोग मौजूद थे, जिन्होंने पूरी घटना देखी.

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है. साथ ही यह भी कहा है कि यदि भविष्य में आरोपी उनकी शिकायत करता है तो निष्पक्ष जांच के बाद ही कोई कदम उठाया जाए.फिलहाल कोतवाली पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

# ग्यारसपुर में बिजली संकट गहराया, रातभर गुल रहती लाइट

**भीषण गर्मी में लोग परेशान, बाहर सोने को मजबूर हो रहे नागरिक**

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर. तहसील मुख्यालय ग्यारसपुर में इन दिनों लगातार बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं. शाम होते ही कई मोहल्लों की बिजली गुल हो जाती है और आपूर्ति अगले दिन सुबह ही बहाल हो पाती है. भीषण गर्मी के बीच रातभर बिजली नहीं रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती के कारण छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं. कई परिवार घरों के बाहर चबूतरों और सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर हैं.नागरिकों का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के बावजूद ग्यारसपुर में ग्रामीण क्षेत्रों जैसी बिजली व्यवस्था बनी हुई है. लोगों ने विद्युत विभाग से खराब डीपी तत्काल बदलने, लाइन सुधार कार्य तेज करने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके.

### डीपी खराब और लाइन फाल्ट से बढ़ रही समस्या

लोगों ने बताया कि डीपी खराब होने, लाइन फाल्ट और नियमित रखरखाव की कमी के कारण प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली बंद रहती है. कभी किसी मोहल्ले की सप्लाई ठप हो जाती है तो कहीं पूरी रात अंधेरा बना रहता है.लगातार बिजली कटौती का असर पेयजल व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है. दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



## सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला कल

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मण्डल, विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की छठवीं पुष्प प्रस्तुति 24 मई रविवार को दोपहर 11.30 बजे माँ हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जी.पी. कबीरपंथी, सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा डॉ. अस्मुरारीनंदन मिश्र, प्राध्यापक गर्ल्स डिग्री कॉलेज, उपस्थित रहेंगे. व्याख्यान का विषय कालजयी संत कबीर रखा गया है.

:: सूचना पत्र ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1 श्री इन्द्रकुमार, 2- श्री कृष्ण गोपाल पुत्रगण श्री बाबूलाल कुशवाह निवासी पूरनपुरा विदिशा का एक आवासीय सह व्यवसायिक एवं टीनशेड निर्मित दो मंजिला मकान जो कि कस्वा विदिशा वार्ड नं. 38 पूरनपुरा लालधाऊ विदिशा में स्थित सर्वे नं. 654/12/1/1/1/2/1/1/1/1/1/1/1 जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फिट में स्थित है जिसके पूर्व में मेन रोड़, पश्चिम में मकान तेजनारायण पांडे, उत्तर में मकान देवीप्रसाद श्रीवास्तव, दक्षिण में मकान तेजनारायण पांडे, को पूर्व दानकर्तागण 1. श्रीमति लक्ष्मी बाई, 2. श्री बाबूलाल कुशवाह निवासी विदिशा ने दिनांक 15.05.2026 जर्ये डिजीटल दानपत्र दस्तावेज क्र. MP42IGR18922026A100576926 से दान किया था। यह कि उपरोक्त दानकर्तागण एवं श्री कल्लू ने उक्त प्लाट / मकान को पूर्व स्वामी श्री परमा पुत्र श्री कुंदनलाल कुशवाह से दिनांक 30.10.1980 दस्तावेज क्र. 2418 से क्रय किया था, उक्त दस्तावेज का असल विक्रय पत्र क्र. 2418 दिनांक 30.10.1980 कहीं गुम हो गया है। यह कि श्रीमति 1 श्री इन्द्रकुमार, 2- श्री कृष्ण गोपाल पुत्रगण श्री बाबूलाल कुशवाह निवासी पूरनपुरा विदिशा उक्त संपत्ति पर ए.यू. स्माल फायनेंस बैंक शाखा विदिशा से उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि उक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति या बैंक या संस्था या वित्तीय संस्थान को अधिकार संम्बधी, स्वत्व संम्बधी उत्तराधिकार संबंधी आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय
**नरेन्द्र दांगी एडवाकेट**
किरी मोहल्ला विदिशा
मो. नं. 9589780955

# उपज की राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज न्यूज, तहसील सिरोंज क्षेत्र के चना-मसूर खरीदी केंद्रों पर किसानों की उपज का भुगतान समय पर नहीं होने के मुद्दे को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा द्वारा एसडीएम सिरोंज को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान कराने की मांग की गई है.**



संघ द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि चुनियाखोह, दीपानाखेड़ा, हाजीपुर एवं देहरी स्थित चना-मसूर खरीदी केंद्रों पर किसानों से खरीदी गई उपज का भुगतान लंबे समय से लंबित पड़ा हुआ है. किसानों का आरोप है कि खरीदी के लगभग डेढ़ से दो माह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है.किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के बाद उन्हें समय पर राशि मिलने की उम्मीद थी, ताकि खेती-किसानी, घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और आगामी फसल की तैयारी कर सकें, लेकिन भुगतान में देरी ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं. कई किसानों को मजबूरी में उधार लेने और निजी खर्चों को टालने की नौबत आ रही है.

## जिला पंचायत बैठक में कई अहम फैसले नए हैंडपंप लगाने का प्रस्ताव पारित

**नवभारत न्यूज**

विदिशा. जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए. बैठक में सदस्यों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार नए हैंडपंप उत्खनन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया. इससे पेयजल समस्या से जूझ रहे गांवों को राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है.पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेशों के विपरीत उपयंत्रियों के किए गए नियम विरुद्ध ट्रांसफर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की. उन्होंने कार्यपालन यंत्री को ऐसे आदेश तत्काल निरस्त करने की चेतावनी दी.बैठक में बिना अनुमति संचालित होटल, रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डनों की जांच के लिए अध्यक्ष की अगुवाई में विशेष जांच दल गठित करने का निर्णय लिया गया.खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को खाद और बीज की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सोसायटियों में अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.पंचायत सचिवों के प्रभार परिवर्तन या किसी कार्रवाई से पहले सामान्य प्रशासन समिति का अनुमोदन अनिवार्य करने का संकल्प भी पारित किया गया.

## प्राचीन बावड़ी का हो रहा जीर्णोद्धार, ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पानी

**नवभारत न्यूज**

**पठारी.** ग्राम पंचायत वडोह में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन अहिरवार मोहल्ला स्थित बावडी का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है. पहाड़ी क्षेत्र के समीप स्थित यह प्राचीन बावड़ी लंबे समय से ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण जल स्त्रोत रही है.ग्राम पंचायत सरपंच विपिन चौहान ने बताया कि ग्रामीणों को पर्याप्त एवं शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है.

## हिनोतिया में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भगवान की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ग्राम हिनोतिया में विगत 21 वर्षों से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ. कथा व्यास डॉ. ऋषभ कृष्ण आचार्य जी ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए ब्रजभाषा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया.कथावाचक ने माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने माखन चोरी इसलिए की, क्योंकि ब्रज की गोपियों ने परिश्रम और श्रमदान से मंथन कर दही और माखन तैयार किया था. भगवान नहीं चाहते थे कि ब्रज का गोरस कंस जैसे राक्षसों तक पहुंचे. उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि देश का धन देश में ही रहना चाहिए और लोगों को विदेशी कंपनियों के उत्पादों के बजाय स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए.श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में उज्जैन से पधारे उज्जैनिया तीर्थ पुरोहित पंडित हर्ष व्यास जी ने पंचम दिवस की यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराई. पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा एवं यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया.भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्री गिरिराज जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया.

# मंदिर भूमि विवाद पर ब्राह्मण समाज का ज्ञापन

- 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. जिले की त्योंदा तहसील अंतर्गत कस्बा बागरोद स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर की सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे और पुजारी को हटाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है. समस्त ब्राह्मण समाज, विदिशा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रियंक कानूनगो एवं उनके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है.**



ज्ञापन में बताया गया कि सरकारी भूमि पर स्थित मंदिर में पीढ़ी दर पीढ़ी पुजारी लक्ष्मीनारायण दुबे उर्फ लक्की महाराज पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं. समाज का आरोप है कि मंदिर की भूमि की नपती के दौरान सुदामा प्रसाद द्वारा अवैध अतिक्रमण सामने आया, जिसके बाद प्रियंक कानूनगो और उनके भाई मयंक कानूनगो द्वारा पुजारी को प्रताड़ित किया जाने लगा.

### प्रधानमंत्री आवास योजना का मामला भी उठाया

ज्ञापन में ग्राम सेमरा इस्तमुरार निवासी अमरसिंह लोधी का मामला भी उठाया गया. आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कुटीर निर्माण को मयंक कानूनगो ने अपनी जमीन बताते हुए रुकवा दिया था.समाज ने दावा किया कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर अमरसिंह लोधी ने वर्ष 2022 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया था.

### मंदिर में ताला लगाने और मूर्तियां हटाने का आरोप

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अगस्त 2025 में मयंक कानूनगो और उनके चाचा गोविंद शरण द्वारा मंदिर में ताला डाल दिया गया था. प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद ताला खुलवाया गया, लेकिन बाद में दोबारा ताला लगा दिया गया.समाज का कहना है कि 12 मई को मंदिर की मूर्तियां हटाने का प्रयास भी किया गया, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी. बाद में प्रशासन ने हस्तक्षेप कर मंदिर का ताला खुलवाया और पुजारी को पुनः पूजा व्यवस्था सौंपी.

### सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

ब्राह्मण समाज ने मांग की है कि मंदिर की वर्तमान सरकारी प्रबंधन व्यवस्था समाप्त कर दिव्यांग पुजारी लक्ष्मीनारायण दुबे को पुनः अधिकृत पुजारी नियुक्त किया जाए. साथ ही मंदिर में ताला लगाने, पुजारी को मानसिक प्रताड़ना देने और धार्मिक शांति भंग करने के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए.

# रोटरी मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**नवभारत न्यूज**

विदिशा,अंतरराष्ट्रीय रोटरी मंडल 3040 के सत्र 2025-26 के मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा की रोटरी क्लब ऑफ भेलसा, विदिशा की आधिकारिक क्लब यात्रा गुरुवार को होटल द प्राइड, माधवगंज में संपन्न हुई. कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें आगामी गतिविधियों के संचालन और पूर्व में किए गए सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई.

मंडलाध्यक्ष के साथ मंडल की प्रथम महिला श्रीमती रूबी मल्होत्रा एवं सहायक मंडलाध्यक्ष रोटेरियन संजीव शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई.मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा ने क्लब द्वारा सत्र में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और शेष सत्र में भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रखने का आह्वान किया. उन्होंने मंडल के अन्य क्लबों द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों की जानकारी साझा करते हुए छोटे-छोटे जनोपयोगी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा दी.उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ रोटरी गतिविधियों के संचालन का मूल मंत्र भी क्लब सदस्यों को प्रदान किया.सहायक मंडलाध्यक्ष रोटेरियन संजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में रोटरी के इतिहास, उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी. उन्होंने विदिशा में रोटरी के माध्यम से संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर भी प्रकाश डाला.कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन दिलीप जौहरी ने किया. अतिथि परिचय रोटेरियन रवि तलरेजा एवं रोटेरियन धर्मेश पलिया ने दिया. स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश रामानी ने प्रस्तुत किया, जबकि सचिव रोटे. नीरज तेनगुरिया ने क्लब गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आभार व्यक्त किया.क्लब परिवार की ओर से मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा, श्रीमती रूबी मल्होत्रा एवं सहायक मंडलाध्यक्ष संजीव शर्मा का स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया.कार्यक्रम में परामर्शदाता शरद शर्मा, गोपाल कुशवाह, चार्टर प्रेसिडेंट रामबाबू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि तलरेजा एवं विजय सुंदरानी, कोषाध्यक्ष बबलू भूरा कुशवाह, उपाध्यक्ष जय चेलानी, सहसचिव केशर अब्बास बोहरा, पूरनसिंह यादव, बृजेन्द्र सिंह जादौन सहित बड़ी संख्या में एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे.कार्यक्रम की जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी रवि तलरेजा ने दी.

बिगड़े एवं जटिल रोगों की चिकित्सा के लिए सर्वसुविधा युक्त
चिरंजीवी हॉस्पिटल (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल)



डॉ. राजीव चौधरी
डायरेक्टर
चिरंजीवी हॉस्पिटल

विगत 30 वर्षों से उच्च स्तरीय चिकित्सा एवं विश्वसनीयता के प्रतीक चिरंजीवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल NABH मापदंड के अनुसार निर्मित एवं NABH मान्यता प्राप्त, विदिशा के लोगों को वर्तमान एवं आधुनिक सोच के अनुरूप, अच्छे इलाज के साथ-साथ वह सभी सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर है, जिनके लिए लोगों को भोपाल, इंदौर एवं महानगरों के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है एवं विदिशा की तुलना में कई गुना पैसा एवं अधिक समय व्यय करना पड़ता है, साथ ही वहां पर रुकने की भोजन की एवं आवागमन की सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है जो की मरीज के इलाज से अधिक महंगा होता है।

चिरंजीवी हॉस्पिटल जटिल एवं बिगड़े हुए रोगों के लिए हार्ट अटैक, लकवा जैसी बीमारियों के लिए ही जाना जाता था परंतु अब यहां पर प्रसूति एवं स्त्री रोग चिकित्सा के अंतर्गत डिलीवरी, सिजेरियन एवं दूरबीन पद्धति से बच्चेदानी के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर आधुनिक पद्धति से हर्निया अपेंडिक्स, प्रोस्टेटपित्त की थैली आदि सभी प्रकार की सर्जरी दूरबीन पद्धति से हो जाती हैं वह भी भोपाल से कम रेट पर। सभी प्रकार के स्पाइन एवं ब्रेन की सर्जरी भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाती है। सभी प्रकार के हड्डियों के ऑपरेशन यहां तक की हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हा) एवं टोटल नी रिप्लेसमेंट (घुटना) भी विशेषज्ञ द्वारा कराए जाते हैं इन सभी आधुनिक इलाजों के लिए आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ बड़े शहरों से उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही कैंसर यूनिट कैंसर के रोगों की सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की जाती है। इलाज के लिए आवश्यक सभी प्रकार की आधुनिक मशीन, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक आईसीयू एवं इमरजेंसी वार्ड के साथ-साथ पैथोलॉजी, ई सी जी, एक्स-रे, स्पायरोमेट्री टीएमटी, ईको आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पर विशाल पार्किंग के साथ-साथ कैंटीन की व्यवस्था भी है।

चिरंजीवी हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर राजीव चौधरी ने विदिशा को हमेशा कुछ अच्छा करने का प्रयास किया है इसी श्रृंखला में शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल जिसकी पूरे भारत में 105 शाखाएं हैं विदिशा में संचालित कर रहे हैं इस स्कूल में विदिशा जिले की सबसे अच्छी हॉस्टल सुविधा के साथ विशेष रूप से पढ़ाई पर एवं संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है स्कूल का पूरा कार्य डायरेक्टर हर्षित राज चौधरी देख रहे हैं साथ ही चिरंजीवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का एडमिनिस्ट्रेशन भी संभाल रहे हैं।

सहयोगी संस्थान: देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल विदिशा

Most trusted name in healthcare since 1996
Chiranjeevi Hospital
MULTI-SPECIALITY HOSPITAL

विगत 29 वर्षों से विश्वसनीयता एवं उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा का प्रतीक अब अपने नव निर्मित भवन में



स्वास्थ्य बीमा धारकों के लिये कैशलेस सुविधा उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं

- आई.सी.यू. गहन चिकित्सा सेवा हृदयघात, लकवा, मस्तिष्क ज्वर
- प्रसूति एवं स्त्री रोग चिकित्सा सेवा डिलीवरी, सिजेरियन, बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्रामा एवं हड्डी रोग चिकित्सा सेवा फ्रैक्चर एवं एक्सीडेंट
- जनरल सर्जरी सुविधा हर्निया, अपेंडिक्स, प्रोस्टेट, आदि
- न्यूरोसर्जरी चिकित्सा सेवा हेड इंजरी, ब्रेन हेमरेज, स्पाइन सर्जरी, डिस्क सर्जरी, आदि
- दूरबीन पद्धति से सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा (पित्त की थैली, प्रोस्टेट, आदि)
- बिगड़े हुए रोगों की चिकित्सा (टाइफाइड, पीलिया, मलेरिया, डेंगू, आदि)
- नाक कान गले की सर्जरी की सुविधा (ई.एन.टी. सर्जरी)
- एक्स-रे, ई.सी.जी. पैथोलॉजी विशाल पार्किंग
- आकस्मिक चिकित्सा सेवा (मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी)

Opp. SATI College NH-86, Vidisha 464001 Ph.: 07592-250544, Mob.: 9109206263